# युवाओं को मिलेगी प्रशिक्षण व रोजगार की जानकारी, कौशल काल सेंटर शुरू

**कौशल विकास मिशन मुख्यालय में सेंटर का शुभारंभ, 30 सदस्यीय टीम तैनात**

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ:** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय पर 'कौशल काल सेंटर' की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से अब प्रदेश के गांव-शहर के युवाओं तक प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़ी सही व ताजा जानकारी सीधे पहुंचेगी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को इसका शुभारंभ किया। काल सेंटर से पूर्व प्रशिक्षित छात्र से बात कर उसके अनुभव भी जाने।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है कि कोई भी युवा केवल जानकारी के अभाव में अवसर से वंचित न रहे। समय पर सही मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। यह कदम युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में अहम साबित होगा। प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने कहा कि 'कौशल काल सेंटर' महज सूचना केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं और उनके सपनों के बीच सीधा सेतु है। तकनीक के जरिये अब प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक की हर जानकारी युवाओं की पहुंच में होगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि अभी 30 सदस्यीय टीम तैनात की गई है, जिन्हें 15 दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। सोमवार से टीम पूरी क्षमता से काम शुरू कर देगी। इसका नंबर भी जारी किया जाएगा। काल सेंटर की टीम प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से सीधे फीडबैक लेगी, साथ ही प्रशिक्षण पूरा होने और प्लेसमेंट मिलने के बाद उनकी रोजगार स्थिति का नियमित डाटा भी जुटाएगी। इससे योजनाओं में सुधार और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।